आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.08.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

डॉक्टर हड़ताल

केंद्र सरकार ने केंद्र के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों की व्यक्तिगत मांगों के आधार पर मार्शलो की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ हुई घटना के बाद केंद्रीय कानून की मांग को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में रेजिडेंट डाक्टर विरोध प्रर्दशन कर रहे हैं। देश के पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और केरल सहित छब्बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून पारित किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टरों की कुछ एसोसिएशनों के साथ बैठकें की हैं और उन्हें इन पहलुओं के बारे में बताया है। अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं जैसे ड्यूटी रूम और काम के घंटे आदि पर विचार करने के लिए महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी।

इस बीच प्रदेश में भी आज पांचवें दिन डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। राज्य चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राणा ने बताया कि हालांकि इस दौरान ओपीडी सेवाएं बंद रहेगी और सिर्फ आपातकालीन सेवाएं ही प्रदान की जाएंगी। डॉक्टरो की हड़ताल के चलते प्रदेशभर में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सीएम दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज सोलन के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। बाद दोपहर वे कोठी देवरा घट्टी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण करेंगे और जनसमस्याएं भी सुनेंगे। इसके अलावा वे रबौन में शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के प्रशासनिक खंड और जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैक के नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण करेंगे। मुख्यमंत्री का पुलिस फिलिंग स्टेशन के शुभारम्भ करने का भी कार्यक्रम है, इसके अलावा वे जिला के साधुपूल बाजार व शामती के लिए भूस्खलन व बाढ़ शमन कार्य की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री शहर में निर्मित होने वाले पार्किंग परिसरों का शिलान्यास भी करेंगे।

राजीव गांधी ज्यंती

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को आज देशभर में सदभावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राजीव गांधी की 80वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री

सुखविंदर सिंह सुक्खू राजधानी के छोटा शिमला स्थित राजीव चौक में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगें

और प्रदेश सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित उपस्थित लोगों को सदभावना दिवस की शपथ भी दिलाएंगे।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का कम जारी है। बीती रात भी कई स्थानों पर वर्षा का सिलसिला जारी रहा। इस वर्षा से लगातार भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही है। बीते कल शिमला शहर में एमएलए क्रॉसिंग पर भारी भूस्खलन के चलते यातायात को वाया चक्कर चलाया जा रहा है, हालांकि मार्ग को बहाल करने का कार्य तेजी से जारी है। प्रदेश में जगह–जगह हो रहे भूस्खलन से सेंकड़ों सड़क मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों में प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने मंडी, चंबा, कुल्लू शिमला और सिरमौर जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान फ्लैश फ्लड की चेतावनी भी जारी की है।

सुन्नी डैम

जिला प्रशासन शिमला की मध्यस्थता से सुन्नी डैम प्रोजेक्ट में प्रभवितों व स्थानीय लोगों द्वारा पिछले 14 दिनों से जारी काम रोको धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने सुन्नी डैम प्रोजेक्ट और स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक के बाद बताया कि प्रोजेक्ट से सम्बंधित लोगों की कुछ मांगे थी जिसे बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद विशेष तरजीह देने का निर्णय लिया गया है ताकि विस्थापितों व प्रभावित लोगों को उसका लाभ मिल सकें।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––––

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–हिमाचल में जारी रहेगी फ्री बिजली की सुविधा–अब एक ही घरेलू मीटर पर मिलेगी एक सौ 25 यूनिट बिजली। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–23 बोर्ड निगमों के मर्जर पर फैसला आज–सचिवों के साथ बैठक में वित्तीय हालत की जानकारी लेंगे सीएम सुखविंदर सिह सुक्खू। आपका फैसला के शब्द है–प्रदेश में स्थापित होगा समर्पित पर्यावरण प्रकोष्ठ।

दैनिक जागरण की एक खबर है–एक हजार 7 सौ 14 रूपए में किजिए शिमला से धर्मशाला का हवाई सफर।

डॉक्टरो ंकी हड़ताल–आज भी बंद रहेगी ओपीडी सेवाएं–आज केवल आपातकालीन सेवाएं मिलेगी शीर्षक से पंजाब केसरी ने खबर को प्रमुखता दी है, जबकि दैनिक सवेरा टाईम्स के शब्द है–सूबे में चिकित्सकों की हड़ताल जारी, बंद रही ओपीडी, मरीज हो रहे परेशान।

मौसम से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है–मणिमहेश से आ रहे श्रद्धालू की मलवे में दबने से मौत कांगड़ा में 16 मकान ढहे। दैनिक भास्कर लिखता है–पांवटा में बादल फटा, शिमला में लेंडसलाईड, चंबा में मलवे की चपेट में आने से युवक की मौत–10 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट।